संम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

अल्पकालिक निविदा सूचना

सरस्वती भवन पुस्तकालय में अधिकतम छूट के अन्तर्गत पुस्तकों के क्रय हेतु अनुभवी पंजीकृत फर्मो से अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। टेन्डर फार्म विश्वविद्यालय कोष में रू. 500/– (पॉच सौ रूपये) मात्र जमा कर दिनांक 20.03.2024 से दिनांक 28.03.2024 तक कार्यालयीय दिवस में सरस्वती भवन पुस्तकालय से प्राप्त कर सकते हैं तथा दिनांक 30.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक पुस्तकाध्यक्ष कक्ष में रखे गये निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है और निविदा 31.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे समिति के सदस्यों के समक्ष पुस्तकालय में खोली जायेगी। निविदा के सामग्रियों एवं तत्सम्बधी जानकारी विश्वविद्यालय के वेवसाईट WWW.S.S.V.V.ac.in पर तथा पुस्तकालय से प्राप्त की जा सकती है।

पुस्ताकाध्यक्ष

निविदा

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी।

सरस्वती भवन पुस्तकालय में अल्पकालिक निविदा के द्वारा पुस्तकों के क्रय हेतु निविदा नियम एवं शर्तो सहित।

18-3-24

पुस्तकाध्यक्ष

सं.सं.वि.वि, वाराणसी।

मूल्य रू. 500 (पॉच सौ)

जी.एस.टी. सहित

पुस्तक क्रय हेतु

नियम व शर्ते –

1. फर्म का नाम व पता –
2. फर्म के स्वामी का नाम –
3. दूरभाष/मोबाईल नम्बर –
4. बैंक का नाम/खाता सं0–
5. पैन नम्बर (छाया प्रति संलग्न करें) –
6. टीन नम्बर (छाया प्रति संलग्न करें) –
7. अल्पकालिक निविदा स्वीकृत होने पर निविदादाता को विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के निर्देशानुसार पुस्तकालय में ग्रन्थों को उपलब्ध कराना होगा।
8. i. निजी प्रकाशन/स्थानीय प्रकाशन (संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी) पर अधिकतम छूट का प्रतिशत।
   ii. अन्य प्रकाशनों (संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी) पर अधिकतम छूट का प्रतिशत।
   iii. विदेशी प्रकाशित ग्रन्थों पर अधितम छूट का प्रतिशत।
9. निविदा स्वीकार होने की तिथि से 10 दिनो के अन्दर पुस्तको की आपूर्ति आवश्यक है।
10. आदेशित पुस्तक/पुस्तके निर्दिष्ट संख्या में अपने प्राप्यक की तीन प्रतियों के साथ उपलब्ध कराना आवश्यक है।
11. बाहर से भेजी गई पुस्तकों पर डाक/रेल व्यय आदि पुस्तक विक्रेता वहन करेगे।
12. आदेश के बाद भी प्राप्यक से किसी भी अनुपयोगी पुस्तक को लौटाया जा सकेगा।
13. प्रत्येक पुस्तक के अद्यतन संस्करण ही भेजे जाने चाहिए। यदि नवीन संस्करण प्रकाशित है तो पुराना संस्करण कथमपि स्वीकार नहीं किया जायेगा।
14. एक से अधिक भाग/खण्ड में प्रकाशित पुस्तकों का पूरा सेट एक साथ प्रेषित किया जाना आवश्यक है।
15. किसी भी पुस्तक में अंकित मूल्य पर स्टीकर चिपका कर अथवा मुहर लगाकर संशोधित मूल्य कथमपि न दर्शाया जाय। पहले से मुद्रित मूल्य को यथावत् रखते हुए बीजक में भी पूर्व मुद्रित मूल्य ही अंकित किया जाय।
16. किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है इस विषय पर कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होगा।
17. विश्वविद्यालय द्वारा निविदा के सम्बन्ध में लिया गया निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा। जिसके विरुद्ध कोई वाद न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा।

18-3-24

पुस्तकाध्यक्ष

सं.सं.वि.वि.,वाराणसी

पुस्तकालय में पुस्तकों के क्रयार्थ वांछित पुस्तकों की सूची संलग्न –

मैने समस्त विवरण पढ़ लिया है और तदनुकूल निविदा प्रपत्र को पूरित कर सरस्वती भवन पुस्तकालय के मुद्रितानुभाग में रखे निविदा बाक्स में निर्धारित तिथि के अन्दर डाल दिया हूँ।

निविदादाता के हस्ताक्षर

फर्म का नाम

टिन नं.

पैन नं.